
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

20 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

निर्धनता प्रकट करना निर्धन होने से अधिक दुखदायी होता है।

प्रेमचंद



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 20 अक्टूबर

1. **विश्व सांख्यिकी दिवस–** संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग द्वारा पहली बार 20 अक्टूबर, 2010 ई. को विश्व सांख्यिकी दिवस मनाया गया था। यह दिवस प्रत्येक पाँच वर्ष पर मनाया जाता है। यानी कि 2010 के बाद पिछले बार 2015 में मनाया गया था, इसके बाद इस वर्ष 2020 और फिर आगे वर्ष 2025 में मनाया जायेगा। भारत में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 29 जून को पी.सी. महालनबोलिस के जन्मदिवस पर मनाया जाता है।
2. **लीला सेठ का जन्म–** भारत की प्रथम महिला जो उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनीं, लीला सेठ का जन्म 20 अक्टूबर, 1930 ई. को लखनऊ में हुई थी। लड़कियों को उनके पैतृक सम्पत्ति में बराबर का हिस्सा देने की फैसला में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।
3. **लाहौर में लाठीचार्ज–** साइमन कमीशन के विरोध में लाहौर में 20 अक्टूबर, 1928 ई. को एक जुलूस निकाला गया, जिसका नेतृत्व लाला लाजपत राय कर रहे थे। सैंडर्स नामक एक पुलिस अधिकारी ने उनपर लाठी से प्रहार किया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए।
4. **भारत–चीन युद्ध 1962 प्रारंभ–** भारत–चीन सीमा युद्ध जो भारत चीन सीमा विवाद के रूप में भी जाना जाता है का प्रारंभ 20 अक्टूबर, 1962 को प्रारंभ हुआ था। चीन ने 1959 के तिब्बती विद्रोह के बाद जब भारत ने दलाईलामा को शरण दी तो भारत चीन सीमा पर हिंसक घटनाओं की श्रृंखला शुरू हो गयी। 20 अक्टूबर, 1962 को लद्दाख और मैकमाहन रेखा के पार एक साथ हमले शुरू किये। चीनी सेना दोनो मोर्चे में भारतीय बलों पर भारी पड़ी और पश्चिमी क्षेत्र में चुशुल में रेजांग–ला एवं पूर्व में तवांग पर अवैध कब्जा कर लिया। अक्साई चीन से भारतीय पोस्ट और गश्ती दल हटा लिये गये जो अंततः चीनी नियंत्रण में चला गया। इस युद्ध के समय भारत के प्रधानमंत्री नहरू जी थे। नेहरू द्वारा 'हिन्दी–चीनी भाई–भाई' के नारे के उपयोग पर भी आलोचना होने लगी। सेना के पूर्ण रूप से तैयार नहीं होने के कारण सारा दोष रक्षा मंत्री कृष्ण मेनन पर आ गया, जिन्होंने अपने सरकारी पद से इस्तीफा दे दिया। चीन ने 20 नवम्बर, 1962 को युद्ध विराम की घोषणा कर दी।
5. **विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस–** संपूर्ण विश्व में 20 अक्टूबर को 'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस के रूप में मनाया जाता है। यूनाइटेड किंगडम की नेशनल सोसाइटी द्वारा 20 अक्टूबर, 1996 ई. को विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस का शुभारंभ किया गया था और इसे यूरोपीय आयोग द्वारा समर्थित किया गया था।
6. **इंटरनेशनल शेफ डे–** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होटलों और रेस्टुरेन्ट में काम करने वाले शेफ के पेशे को सम्मान प्रदान करने के लिए वर्ष 2004 में डॉ. बिल गैलाघेर (प्रसिद्ध शेफ) द्वारा की गई थी।

Sunday

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

20 अक्टूबर

## मधु प्रिया

# विश्व सांख्यिकी दिवस 20 अक्टूबर




20 अक्टूबर को विश्व सांख्यिकी दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है। जबकि भारत का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस 29 जून को मनाया जाता है। विश्व के सामाजिक-आर्थिक विकास में आकड़ों के योगदान का जश्न मनाने के दिन के तौर पर विश्व सांख्यिकी दिवस को संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में मनाया जाता है। इसे हर पांच वर्ष में मनाया जाता है और पहली बार 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। इस बार के विश्व सांख्यिकी दिवस का विषय 'सतत विकास के लिए आकड़े' निर्धारित किया गया है। 'विश्व सांख्यिकी दिवस' सांख्यिकी विषय के साथ पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं एवं इस क्षेत्र में पहले से काम कर रहे प्रोफेशनल के लिए विशेष है। 2010 तक , 103 देश राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाते हैं, जिसमें 51 अफ्रीकी देश भी शामिल हैं जो संयुक्त रूप से 18 नवंबर को प्रतिवर्ष अफ्रीकी सांख्यिकी दिवस मनाते हैं। भारत 29 जून को सांख्यिकीविद् प्रशांत चंद्र महालनोबिस के जन्मदिन पर अपना सांख्यिकी दिवस मनाता है ।यूके में रॉयल स्टैटिस्टिकल सोसाइटी ने भी उसी दिन 20:10 पर (20 अक्टूबर 2010 को) अपना गेटस्टैट्स सांख्यिकीय साक्षरता अभियान शुरू किया। विश्व सांख्यिकी दिवस आँकड़ों का जश्न मनाने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस है। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकी आयोग के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाता है। यह पहली बार 20 अक्टूबर 2010 को मनाया गया था। यह दिवस हर पांच साल में मनाया जाता है।

# जन्मदिन विशेष 20 अक्टूबर

राकेश कुमार




**वीरेन्द्र सहवाग** Virender Sehwag, जन्म: 20 अक्टूबर 1978, हरियाणा) एक भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी हैं। प्यार से उन्हें सभी "वीरू" ही कहते हैं। वैसे उन्हें "नज़फ़गढ़ के नवाब" व "आधुनिक क्रिकेट के ज़ेन मास्टर" के रूप में भी जाना जाता है। वे दायें हाथ के आक्रामक सलामी बल्लेबाज तो हैं ही किन्तु आवश्यकता के समय दायें हाथ से ऑफ स्पिन गेंदबाज़ी भी कर लेते हैं।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 20.10.2024

## समस्या समाधान विधि

समस्या समाधान किसी मौजूदा समस्या की पहचान करने, समस्या के मूल कारण या कारणों का निर्धारण करने, समस्या को हल करने के लिए कार्रवाई का सर्वोत्तम तरीका तय करने और फिर अंततः समस्या को हल करने के लिए इसे लागू करने की प्रक्रिया है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**400 ईसा पूर्व तक, फ़ारसी इंजीनियरों ने रेगिस्तान की गर्मियों के बीच में बर्फ को स्टोर करने की तकनीक में महारत हासिल कर ली थी।**







CRICKET

## 2013 से अब तक भारत-पाकिस्तान हेड-टु-हेड





### कुल मैच- 21

| भारत जीता | VS | पाकिस्तान जीता |
|---|---|---|
| 15 | नो रिजल्ट- 1 | 5 |

### वनडे- 13

| भारत जीता | VS | पाकिस्तान जीता |
|---|---|---|
| 9 | नो रिजल्ट- 1 | 3 |

### टी-20- 8

| भारत जीता | VS | पाकिस्तान जीता |
|---|---|---|
| 6 | नो रिजल्ट- 0 | 2 |


विश्व सांख्यिकी दिवस
20 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# जयंती पर नमन

**20 अक्टूबर**




**भारत में उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश बनने वाली पहली महिला**

## लीला सेठ

**20 अक्टूबर 1930-5 मई 2017**

Madhu Priya



भारत के भौतिक मानवविज्ञानी

# बिरजा शंकर गुहा

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

15 अगस्त 1894 – 20 अक्टूबर 1961

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


20 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व
ऑस्टियोपोरोसिस दिवस
दिवस
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# Happy Birthday



## वीरेंद्र सहवाग

20 अक्टूबर 1978

Madhu priya

teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
हैप्पी
करवा चौथ!
Madhu priya
Teachersofbihar.org


20 अक्टूबर
Teachers of Bihar
The change makers
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
करवा चौथ
की हार्दिक शुभकामनाएं
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

*Happy Birthday*

20 अक्टूबर 1978




# वीरेंद्र सहवाग

## को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

www.teachersofbihar.org

Punita Kumari